सं: 1:05:138:II:सीएस

दिनांक: 24 जुलाई, 2018

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-**400 051**	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी. जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-**400 001**
ध्यानाकर्षण: सुश्री रेहाना डीसूजा, **सहायक उपाध्यक्ष**	**ध्यानाकर्षण: श्री अय्यर गोपालकृष्ण,** **महाप्रबंधक, निगम सेवाएं**

विषय: बोर्ड बैठक का परिणाम - सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसार सूचना।

महोदय/महोदया,

हमारे दिनांक 19.07.2018 के पूर्ववर्ती पत्र के अनुक्रम में, सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज दिनांक 24 जुलाई, 2018 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ-साथ आगामी एजीएम की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों से बॉण्ड/ डिबेंचर/ नोट/ ऋण प्रतिभूतियों के माध्यम से प्राइवेट प्लेसमेंट द्वारा 65000 करोड़ रुपए की सीमा तक संसाधन जुटाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 के साथ पठित कंपनी (प्रोस्पेक्टस एवं प्रतिभूतियों का आबंटन) नियमावली, 2014 के नियम 14(2) के अंतर्गत आगामी एजीएम में शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया है।

उक्त बैठक में निदेशक मंडल द्वारा इस संबंध में प्रत्यायोजित शक्तियों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने पर निधियां वास्तविक रूप से आगामी एजीएम में शेयरधारकों द्वारा संकल्प जारी करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान समय-समय पर जुटाई जाएंगी।

सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,

कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com